संख्या–36/1/78–का–2

प्रेषक,

राजीव कुमार,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त प्रमुख सचिव/ सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

कार्मिक अनुभाग–2 लखनऊ, दिनांक : 29 जनवरी, 2014

विषय :– वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि में संतोषजनक (Satisfactory), उत्तम/ अच्छा (Good) तथा अति उत्तम (Very Good) ग्रेडिंग के विरूद्ध प्रत्यावेदन दिये जाने एवं उसके निस्तारण के सम्बन्ध में।

.....

महोदय,

उपर्युक्त विषयक समसंख्यक शासनादेश दिनांक 01.02.2013 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके माध्यम से वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि की ग्रेडिंग को संसूचित किये जाने तथा 'संतोषजनक', 'उत्तम/ अच्छा' तथा 'अति उत्तम' की ग्रेडिंग के सापेक्ष प्रविष्टि प्राप्तकर्ता कार्मिक द्वारा प्रत्यावेदन दिये जाने की स्थिति में उनके प्रत्यावेदनों के निस्तारण हेतु व्यवस्था निर्धारित की गयी है।

2– शासन के समक्ष कुछ स्तरों से यह जिज्ञासा प्रस्तुत की गयी है कि उपरिसन्दर्भित शासनादेश की व्यवस्था पूर्ववर्ती वर्षों में दी गयी प्रविष्टियों के सम्बन्ध में दिये गये प्रत्यावेदनों के सन्दर्भ में प्रभावी होगी अथवा नहीं?

3– सम्यक विचारोपरान्त शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि उपरिसन्दर्भित शासनादेश दिनांक 01.02.2013 की व्यवस्था केवल वर्ष 2012–2013 तथा अनुवर्ती वर्षों में प्रदत्त की जाने वाली प्रविष्टियों के सम्बन्ध में ही प्रभावी होगी।

4– उपर्युक्त के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया शासन के उक्त निर्णय से अपने अधीनस्थ समस्त अधिकारियों को अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(राजीव कुमार)
प्रमुख सचिव।

पृष्ठांकन संख्या-36/1/78(1)/का-2/2014-तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1) समस्त विभागाध्यक्ष/ कार्यालयाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश।
2) समस्त मण्डलायुक्त/ जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
3) प्रमुख सचिव, श्री राज्यपाल, उत्तर प्रदेश।
4) प्रमुख सचिव, विधान सभा/ विधान परिषद्, उत्तर प्रदेश।
5) सचिव, लोक सेवा आयोग, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
6) सचिव, राजस्व परिषद्, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
7) वेब मास्टर/ वेब अधिकारी, नियुक्ति विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
8) सचिवालय के समस्त अनुभाग।
9) गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(एस.पी. सिंह,)
विशेष कार्याधिकारी।

पी0एस0यू0पी0-ए0पी0 18 सा0 नियुक्ति-31-01-2014-(1606)-2000-(कम्प्यूटर/टी/आफसेट)।